# फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का लाभ किसानों को मिले : कलेक्टर

■ राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश, कलेक्टर ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का व्यापक प्रचार किया जाए। ग्राम पंचायतें शिविर ऐसे स्थानों पर कैम्प लगाएं जहां ज्यादा से ज्यादा किसान आ सकें

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि फार्मर्स रजिस्ट्री शिविरों का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिले, इसे ध्यान रखते हुए इनका व्यापक प्रचार किया जाए। ग्राम पंचायतें शिविर ऐसे स्थानों पर लगाएं जहां ज्यादा से ज्यादा किसान आ सकें। जिला कलेक्टर ने जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए।

उन्होंने शिविरों में व्यवस्थाएं सुचारू बनाए रखने के लिए उपखंड अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। शिविरों की अब तक की प्रगति और आगामी कार्यक्रम के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि ऐसे भवनों और भूमियों का चिन्हीकरण किया जाए जो विभिन्न विभागों को आवंटित किए गए लेकिन आवंटन पश्चात इनका उपयोग नहीं हो रहा है। संबंधित उपखंड अधिकारी इसकी मॉनिटरिंग करें और भवन अथवा भूमि काम में नहीं आने की स्थिति में आवंटन के प्रस्ताव निरस्त करने की कार्यवाही करें।

जिला कलेक्टर ने बताया कि बरसात से पहले हरियालो राजस्थान के तहत ग्राम पंचायतों में पौधों का वितरण किया जायेगा। इससे जुड़ी तैयारियां समय रहते कर ली जाए। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को स्कूलों, कॉलेजों, पुलिस थानों, ग्राम पंचायतों सहित विभिन्न कार्यालयों और अन्य स्थानों का चयन करते हुए वन विभाग को पौधारोपण की ग्राम पंचायत वार आवश्यकता बताने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और राजस्व वसूली से जुड़े विभागों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।जिला कलेक्टर ने मिशन सुरक्षित स्कूल के तहत उपखंड अधिकारियों को समस्त विद्यालयों के निरीक्षण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में चारदीवारी, शौचालय, पेयजल, बिजली सहित अन्य व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित हों, यह सुनिश्चित किया जाए। विद्यालयों के जर्जर भवनों का चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए। जिससे इनके नए भवन बनाए जा सकें।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने एलआर एक्ट के तहत विचाराधीन मामलों के निस्तारण में प्रगति लाने, भू-रूपांतरण एवं गैर खातेदारी मामलों का जल्द निस्तारण करने, रोड़ा एक्ट मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमा ज्ञान, भू रूपांतरण सहित ऑनलाइन सेवाओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) रामावतार कुमावत, उप वन संरक्षक डॉ एस.सरथ बाबू, एसडीएम कविता गोदारा, श्रीडूंगरगढ़ एसडीएम उमा मित्तल सहित अन्य उपखंड अधिकारी उपस्थित थे।

**श्रीगंगानगर।** राज्य सरकार द्वारा संचालित एग्री स्टेक योजनातर्गत फार्मर रजिस्ट्री अभियान 5 फरवरी से 30 मार्च 2025 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों के माध्यम से आयोजन किया जा रहा है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री शिविर प्रत्येक ग्राम पंचायत पर तीन दिवस के लिए आयोजित करने के दिशा-निर्देश उपखंड स्तर से जारी किए गए हैं। इस योजना के तहत आयोजित शिविरों में ग्राम स्तर के कृषि पर्यवेक्षक, पटवारी तथा ग्राम विकास अधिकारी को कैंपों में भाग लेने के लिए निर्देशित किया गया है। उपखंड स्तर पर शिविरों के मॉनिटरिंग का उत्तरदायित्व सहायक निदेशक कृषि, विकास अधिकारी एवं तहसीलदार को दिया गया है। उन्होंने बताया कि किसान इन शिविरों में अपनी फसलों का गिरदावरी एप के माध्यम से अधिक से अधिक गिरदावरी करवाना सुनिश्चित करें। चकबंदी वाले जिलों में लोकेशन डिसेबल्ड किए जाने के कारण डिजिटल क्रॉप सर्वे की गिरदावरी संबंधित पटवारी द्वारा की जावेगी।

## आपणो कृषि बाजार शुरू

**बीकानेर,**(कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों, विश्वविद्यालय के नवाचारों, उन्नत बीज तथा खाद की किसानों तक सीधी उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय द्वारा आपणो कृषि बाजार का संचालन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरूण कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के समीप संचालित हो रहे आपणो कृषि बाजार में विश्वविद्यालय की मरू शक्ति इकाई द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रोडेक्ट , खाद, बीज, नर्सरी द्वारा तैयार मौसमी सब्जियों की पौध, गोद लिए गए गांव पेमासर की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद सहित विभिन्न उन्नत किस्मों के बीज तथा वर्मीवाश , वर्मी कम्पोस्ट आदि उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि राज्यपाल बागडे ने इस विपणन प्लेटफार्म की सराहना की। राज्यपाल ने स्वयं यहां से खाखरे, बाजरे से बने बिस्किट खरीदे। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफार्म एक अनूठी पहल है जिसके माध्यम से किसान सीधे विश्वविद्यालय से जुड़ सकेंगे। आपणो कृषि बाजार के नोडल अधिकारी डॉ राजेश वर्मा ने बताया कि यहां पेमासर गांव में बनाये जा रहे टाई एंड डाई, हैण्डीक्राफ्ट, हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग के कपड़े उपलब्ध है।

## महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। भगवान भोले शंकर को जल अर्पित करने के लिए श्रद्धालु बुधवार सुबह से ही शिवालयों में उमड़ पड़े। हाथों में जल, बिल्व पत्र और पुष्प दुग्ध लेकर श्रद्धालु शहरभर के विभिन्न शिवालयों में घंटों तक महादेव को जल अर्पित करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए महादेव से अपनी मनोकामना प्रकट कर रहे थे। पुलिस और प्रशासन ने इस अवसर पर भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए माकूल व्यवस्था की। वहीं श्रद्धालुओं की मदद के लिए विभिन्न धार्मिक संस्थाओं ने प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की।

श्रीगंगानगर के कोड़ा चौक स्थित प्राचीन शिवालय में श्रद्धालु सुबह 4:00 बजे से ही कतारों में लगकर महादेव के दर्शन और जल अर्पित करने की होड़ में थे। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने भारी जाब्ता तैनात किया। लगभग डेढ़ किलोमीटर लम्बी श्रद्धालुओं की लाइन को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने उचित व्यवस्था की थी। प्राचीन शिवालय बाबा शुक्रनाथ बगीची के महंत बाबा कैलाशनाथ जी ने बताया कि महादेव को भोलेनाथ इसलिए कहा जाता है। क्योंकि वे थोड़े से प्रयास से ही प्रसन्न हो जाते हैं।

## सार-समाचार

### शिविर में 125 लोगों को दवा दी

**बीकानेर,** (कासं)। आसोपा आश्रम ट्रस्ट एवं शहरी आरोग्य आयुष्मान मंदिर जोधपुर बाईपास उदयरामसर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में रोगियों ने स्वास्थ्य जांच करवा कर लाभ उठाया। प्रभारी डॉ एम दाऊदी ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 125 लोगों की जांच कर दवाएं दी गई।उन्होंने बताया कि महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी, शरीर दर्द और एनीमिया के मामले अधिक देखने में आए। जबकि पुरूषों में इंफेक्शन और सर्दी, जुकाम, बुखार के रोगी अधिक थे। आयुष्मान मंदिर के प्रभारी चिकित्सक डॉ हरीश चौधरी ने बताया कि उदयरामसर,भीनासर, गंगाशहर,सुजानदेसर सहित नजदीक के इलाकों से लोगों में शिविर का लाभ उठाया। बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच की जाकर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

### मोहम्मद इसराइल सदर बनें

**बीकानेर,** (कासं)। मदरसा मेड़तिया सिलावट समाज बीकानेर का चुनाव में समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से मोहम्मद इसराइल बल्खी को सदर पद के लिए चुना गया। चौरू खां ने इस अवसर पर मीटिंग में कार्यभार ग्रहण करते ही सदर जनाब मोहम्मद इसराइल बल्खी ने कहा कि हमारे मदरसा में दीनी व दुनियावी तालिम दिलवाने का भरपूर प्रयास किया जायेगा साथ ही उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि हमारे बीकानेर सिलावट समाज समाज का मदरसा जो अभी लगभग मैन रोड़ के लेवल के नीचे बना हुआ है और बरसात का गंदा पानी अन्दर आ जाता है। उसको देखते हुए मदरसे का नव निर्माण का कार्य रमजान के महिनें के तुरंत बाद काम शुरू किया जायेगा। इस कार्य में सदर ने अपनी तरफ से जल्दी ही 1 ईंटो का बड़े साइज का ट्रोला मंगवाकर देने का वादा किया है। और कहा कि आवश्यकता होने पर और भी सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार रहूंगा।

# 3.90 करोड़ से बनेगी नई कैथ लैब, रोज 50 एंजियोग्राफी होगी

■ नई कैथ लैब इंस्टॉल होने के बाद मरीजों को तत्काल उपचार मिल सकेगा

**बीकानेर,** (कासं)। हल्दीराम मूलचंद हार्ट हॉस्पिटल में मरीजों की बाइपास सर्जरी तो शुरू नहीं हो पाई है, लेकिन नई कैथ लैब जरूर लग रही है। उसके बाद रोज औसत 50 मरीजों की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी और पेसमेकर लगाये जा सकेंगे।

पीबीएम परिसर स्थिति हल्दीराम मूलचंद हार्ट हॉस्पिटल में वर्तमान में एक ही कैथ लैब है। जिस पर सुबह से रात तक रोज औसत 25 से 30 मरीजों की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, स्टेंट और पेस मेकर लगाए जाते हैं। करीब इतने ही मरीजों की वेटिंग रहती है। हॉस्पिटल को 2022 में सेंटर फॉर एक्सीलेंस का दर्जा देने के बाद एक और कैथ लैब लगाने की योजना थी। पिछले साल फरवरी में राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक में इसके लिए करीब चार करोड़ रूपए की अनुमानित लागत मानते हुए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव पेश किए गए थे। यह बजट इस साल 31 मार्च तक खर्च करना है।

कैथ लैब के लिए टेंडर कर दिए गए हैं। इसके स्टॉलेशन पर 3 करोड़ 90 लाख रूपए की लागत आंकी गई है। संभवतया अप्रैल से इसे लगाने की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. गुंजन सोनी ने बताया कि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हार्ट हॉस्पिटल में तीन कैथ लैब की जरूरत है। पुरानी कैथ लैब आउट ऑफ ऑर्डर होने के कारण वर्तमान में एक ही कैथ लैब से काम चलाना पड़ रहा है। नई कैथ लैब इंस्टॉल होने के बाद मरीजों को तत्काल उपचार मिल सकेगा। वेटिंग भी खत्म होगी। गौरतलब है कि गंगाशहर के पवन बैद की मौत भी हार्ट अटैक से हुई थी।

हल्दीराम मूलचंद हार्ट हॉस्पिटल में प्री मेच्योर कोरोनरी आर्टरी के केस बढ़ रहे हैं। कोरोना के बाद 30 से 40 वर्ष की आयु वाले युवाओं में यह प्रवृति देखने को मिल रही है। इसके कारण तत्काल मौतें भी हो रही हैं। चार सौ रोगियों के ओपीडी में 25 से 30 प्रतिशत प्री मेच्योर कोरोनरी आर्टरी के केस होते हैं। शेष 70 प्रतिशत केस 60 से अधिक उम्र वाले हैं, जो मधुमेह, हाई ब्लड प्रेशर सहित हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित हैं।

## अवैध देसी कट्टे सहित युवक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले की सूरतगढ़ पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सूरतगढ़ शहर से एक युवक को अवैध देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है।

डीआईजी सह एसपी गौरव यादव के अनुसार जिले में अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सूरतगढ़ शहर थाना प्रभारी दिनेश सारण के निर्देशन में एसआई ताराचंद और उनकी टीम ने कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वार्ड नंबर 37 सूरतगढ़ निवासी गौरव उर्फ रौकी उर्फ रोबिन को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक देसी कट्टा बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## बीकानेर थिएटर फेस्टिवल 7 से

**बीकानेर,** (कासं)। रोशनी की चकाचौंध, सुव्यवस्थित मंच। कभी बात पौशीशैली, बहुआयामी कलाकरों का जमावड़ा। दर्शक दीर्घा से वाह-वाह और तालियों के संवेद स्वरों की गूंज। ऐसे दृश्य एक बार फिर से बीकानेर के विभिन्न रंगमंचों पर साकार होने वाले है। अब समय आ रहा है जब बीकानेर के लोग देश के ख्यातनाम कलाकारों की कला से रूबरू हो सकेंगे। अवसर होगा बीकानेर थिएटर फेस्टिवल का। बीकानेर में नाटकों का यह महाकुंभ 7 से 12 मार्च तक चलेगा।

इस दौरान बेहतरीन और बहुरंगी नाटक लोगों को देखने को मिलेंगे। इसके साथ लाइटिंग, एक्टिंग और लोक कथा गायन शैली की मास्टर क्लास भी लगाई जायेगी। इसके प्रशिक्षक होंगे। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय स्नातक अजय कुमार, अरुण व्यास, स्वाति व्यास। मास्टर क्लास के कॉडिनेटर होंगे दिल्ली के प्रतिभावान युवा रंगकर्मी अमित तिवाड़ी एवं इनके निर्देशन में बीकानेर के विभिन्न स्थनों पर दिल्ली के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति दी जायेगी। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि इस फेस्टिवल के जरिए देश भर के कलाप्रेमी बीकानेर की संस्कृति से रूबरू होंगे। फेस्टिवल में भाग लेने के लिए बीकानेर, भीलवाड़ा, जयपुर, जोधपुर, गंगानगर तथा मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता, जबलपुर, लखनऊ, चंडीगढ़, असम, शिमला से पधारे कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुतियां दी जायेगी।


**सार्वजनिक नोटिस**

मैसर्स अवाडा आरजेबीकानेर प्राइवेट लिमिटेड (एआरजेबीपीएल), जिसका पंजीकृत कार्यालय सी-11, सेक्टर 65, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, यूपी - 201301 में है, भारत सरकार को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 164 के तहत विद्युत ट्रांसमिशन के लिए विद्युत लाइनों अथवा विद्युत संयंत्र की स्थापना के लिए अथवा कार्यों के उचित समन्वय के लिए आवश्यक टेलीफोन या टेलीग्राफिक संचार के प्रयोजन के लिए आवश्यक वें सभी शक्तियां प्रदान करने के लिए आवेदन करने की इच्छुक है, जो टेलीग्राफ प्राधिकरण द्वारा भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत सरकार द्वारा स्थापित किये गए या बनाये गए या स्थापित किये जाने वाले या बनाए जाने वाले टेलीग्राफ के उद्देश्य से टेलीग्राफ लाइनों और पोस्टों की स्थापना के सम्बन्ध में धारित हैं, और निम्नलिखित ट्रांसमिशन योजना के लिए सर्वेक्षण, निर्माण, संस्थापन, निरीक्षण, उत्थापन और अन्य कार्य के पश्चात कमीशनिंग, प्रचालन, अनुरक्षण और अन्य कार्य करेगी:

**ट्रांसमिशन योजना का नाम:** राजस्थान के बीकानेर में सौर ऊर्जा पावर प्रोजेक्ट के लिए मैसर्स अवाडा आरजे बीकानेर प्राइवेट लिमिटेड (ऐप. सं. 220000013 (50 मेगावाट), ऐप. सं. 2200000254 (600 मेगावाट)) और अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (ऐप. सं. 2200000289 (300 मेगावाट)) की कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली ।

**योजना के अंतर्गत ट्रांसमिशन लाइन का नाम:** अवाडा आरजे बीकानेर प्राइवेट लिमिटेड (ऐप. सं. 220000013 (50 मेगावाट), ऐप. सं. 2200000254 (600 मेगावाट)) और अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (ऐप. सं. 2200000289 (300 मेगावाट)) के करणीसर भाटियान गांव, जिला- बीकानेर में स्थित) आरई पावर प्रोजेक्ट्स के लिए कॉमन पूलिंग स्टेशन - बीकानेर IV पीएस 400 केवी एस/सी लाइन (डी/सी टावरों पर) (नॉमिनल वोल्टेज पर न्यूनतम 950 मेगावाट ले जाने के लिए उपयुक्त) । लाइन की कुल लम्बाई लगभग 18 किमी है।

उपरोक्त शिरोपरि ट्रांसमिशन लाइन प्रस्तावित रूट के आधार पर निम्नलिखित गाँवों, कस्बों और शहरों से, उनके बीच से, ऊपर से और आसपास से होकर गुजरेगी:

| क्रम सं. | गाँव | तहसील | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | केलां, बेरा (सरदारपुरा) | छत्तरगढ़ | बीकानेर | राजस्थान |
| 2 | बरजू, करणीसर भाटियान, बराला, बान्दरेवाला | पूगल | बीकानेर | राजस्थान |

रूट संरेखण की प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निरीक्षण हेतु उपलब्ध है। आम जनता को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वह ट्रांसमिशन लाइन के प्रस्तावित रूट के संबध में अपनी टिपण्णी/ प्रतिवेदन नोटिस के प्रकाशन की तिथि से दो माह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है। अधिक विवरण और स्पष्टीकरण के लिए कृपया संपर्क करें: पवन कुमार, महाप्रबंधक (ट्रांसमिशन), अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, सी-11, सेक्टर-65, नोएडा-201307, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, भारत. ईमेल: pawan.kumar2@avaada.com, फोन: 0120-6757192.



# BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference





Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

## Programmes offered

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**
**B.Tech.*** (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
**M.Tech. Integrated*** (Comp. Sc./Mechatronics)*
**M.Tech.** (Artificial Intelligence)
**M.Tech.** (Computer Science/IT)
**M.Tech.** (Robotics & Automation)
**M.Tech.** (VLSI Design)
**M.Tech.** (Remote Sensing)
**M.Tech.** (Biotechnology)
**M.Tech.** (Chemical Engineering)
**Three Year Diploma** (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics )*

**MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
**BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research$**
**B.Sc.** (Data Science)/**B.Sc.** (Data Science) Hons.
**M.Sc.** (Computer Science)
**M.Sc.** (Data Science) I **M.Sc.** (Electronics)
**M.Sc.** (Mathematics/Statistics/Operations Research)
**M.Sc.** (Physics)
**MCA/PGDCA**

**ARCHITECTURE & PLANNING**
**B.Arch.+**

**LAW**
**B.A./BBA/B.Com. LL.B.** (Integrated)
**LL.M.*** (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

**LIFE SCIENCES**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Biotechnology)
**B.Pharm.***
**M.Pharm.** (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
**M.Sc.** (Chemistry) I **M.Sc.** (Microbiology)
**M.Sc.** (Botany) I **M.Sc.** (Zoology)
**M.Sc.** (Biotechnology) I **M.Sc.** (Bioinformatics)
**M.Sc.** (Applied Microbiology & Biotechnology)

**EARTH SCIENCES**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Geology/Geography)
**M.Sc.** (Geography) I **M.Sc.** (Geology)
**M.Sc.** (Environmental Science)

**MANAGEMENT STUDIES**
**B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$**
**BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$**
**MBA (Integrated)** I **BSW** I **M.Com.**
**MBA*** (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

**FINE ARTS**
**M.A.** Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

**AVIATION**
**B.Sc./B.Sc. Hons.** (Aviation Science)

**DESIGN**
**B.Des.** (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
**M.A.** (Textile Designing) I **M.Des.**

**JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**
**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$** (Journalism and Mass Communication)
**M.A.** (Journalism and Mass Communication)

**HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES**
**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$** (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, French, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, German)
**M.A.** (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
**Master of Social Work**

**EDUCATION**
**B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.*** (Secondary/Middle)#, **B.Ed., M.Ed.**

**HOME SCIENCE**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Home Science)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Home Science) Food Science & Nutrition
**M.Sc.** (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

**NURSING**
**B.Sc. Nursing***

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
**Foreign/NRI Admissions :** A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
**Ph.D. :** Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2025-26
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to approval
LAST DATE FOR APPLICATION
**30 April, 2025**

## SCHOOL EDUCATION DIVISION

New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

**Enquiries can be made at**
- **For general enquiry:** +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- **For UG/PG Admissions:**
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

**How to Apply**
For each programme a separate application is required through either:
**Option 1 :** Online submission of application at the University's website: **http://www.banasthali.org** or
**Option 2 :** Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of **"Banasthali Vidyapith"** Payable at Banasthali/Jaipur to: **Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)**
Scan to explore

**Scholarships**
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

**BANASTHALI VIDYAPITH**
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE World University Rankings 2025
nirf All India Rank
QS University Rankings Asia